No. of Printed Pages : 11

**एम.आर.पी.-003**

00739

# रेडियो प्रसारण में स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम
**(PGDRP)**

**सत्रांत परीक्षा**

**जून, 2010**

## एम.आर.पी.-003 : रेडियो लेखन

*समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 100*

***नोट :*** ***सभी*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के* ***अंक समान*** *हैं।*

**1.** नीचे कहानी का एक अंश दिया जा रहा है। इसके आधार पर पाँच मिनट के प्रसारण-योग्य रेडियो-रूपांतरण का आलेख तैयार कीजिए। **20**

दरोगा की नज़र खूँटी पर टँगी कमीज़ पर पड़ी। मैली-सी कमीज़ की बगल की जेब कुछ भारी थी। बाहर से जेब टटोलकर अंदर हाथ दिया। उसमें स्मैक थी। सबकी आँखें फटी की फटी रह गई।

"ये कमीज़ किसकी है?"

"ये तो कालू चाचा की कमीज़ है।" रजत ने दबी जुबान से कहा।

"कहाँ है कालू?"

''खेत पर गया है।''

''बुलाओ उसे।''

लँगड़ाता हुआ रजत कालू को बुलाने चला गया। कालू खेत में हल जोत रहा था। रजत बैलों के आगे जा खड़ा हुआ। उसके हाथ कालू चाचा के सामने अपने आप जुड़ गए। रजत के मुँह से बहता खून देखकर कालू अचंभित हो गया।

''क्या हुआ बेटा?''

रजत रोने लगा।

''अरे कुछ बताओ भी . . .! क्या हो गया?''

''चाचा...!''

''बोलो बेटा!''

रजत ने कालू के पैर पकड़ लिए।

कालू अवाक् था। बचपन से आज तक रजत का यह रूप उसने कभी नहीं देखा था।

''कुछ मुँह से भी कहोगे या रोते ही रहोगे।''

अपनी धोती के पल्लू से रजत के मुँह से निकला हुआ खून साफ़ करते हुए कालू ने उसके सिर पर हाथ फेरा।

''हमारे घर पुलिस आई है चाचा।''

''पुलिस . . .!''

''हाँ, चाचा।''

00739

"पूरे घर की तलाशी ली गई।"

"लेकिन क्यों?"

"किसी ने खबर दे दी कि हमारे घर में स्मैक रखी है।"

"कुछ मिला क्या?"

"हाँ चाचा। आपके कमीज़ की जेब में स्मैक मिली है।"

"मगर मैं तो कभी स्मैक नहीं लाया।"

"स्मैक जेब में मैंने रखी थी चाचा।"

"तुने!"

"हाँ चाचा। तुम्हारा रजत स्मैक का आदी हो गया है। पुलिस ने मेरी जमकर धुनाई की है। अब आपको बुलाया है।"

कालू को काटो तो खून नहीं। पलक झपकते सारा मामला उसकी समझ में आ गया। इतने ढीठ लड़के ने उसके आगे क्यों हाथ जोड़े, पैर क्यों पकड़े, वह रजत का मंतव्य भली-भांति समझ गया। वह रजत के साथ घर आया। दरोगा ने कड़ककर कहा,

"कालू तुम्हीं हो?"

"जी।"

"ये कमीज़ तुम्हारी है?"

"जी हाँ।"

"इसकी जेब से निकली स्मैक किसकी है?"

"जब कमीज़ मेरी है तो स्मैक भी मेरी हुई।"

पूरा गाँव देख रहा था। गाँव वाले जानते थे, कालू झूठ बोल रहा है। पुलिस वाले भी जानते थे। फिर भी उसकी पिटाई होती रही। फिर उसे पुलिस ने गाड़ी में बिठा लिया और थाने ले गई।

साँझ ढले जनक घर वापिस पहुँचा। घर में दिया-बत्ती भी नहीं हुई थी। जनक ने पुकारा-"माँ"।

"आ गया बेटा!"

"मैं तो आ गया, तू अंधेरे में क्यों बैठी है?"

"बेटा मेरे लिए अँधेरा क्या, उजाला क्या। जब कुछ सुझता ही नहीं तो रोशनी किस काम की।"

"कलावती कहाँ है?"

"ऊपर है।"

"रजत... ?"

"कहीं दोस्तों के साथ गुलछर्रें उड़ा रहा होगा।"

"कालू दिखाई नहीं दे रहा।"

"उसे पुलिस पकड़कर ले गई।"

"पुलिस ले गई?"

"हाँ बेटा"

"मगर क्यों?"

"उसकी कमीज़ की जेब से स्मैक मिली थी।"

"ये कैसे हो सकता है! उसकी जेब में स्मैक कहाँ से आई?"

"रजत ने डाल दी थी।"

यह सुनकर वह सकते में आ गया। उसका सिर घूम गया। उसने आव देखा न ताव, खूँटी पर से दोनाली उतारी और रजत को ढूँढ़ने निकल गया। वह सरतू की बैठक में दारू पी रहा था। जनक को देखते ही वह घर की तरफ भाग लिया।

कलावती भी नीचे आ चुकी थी। रजत की माँ व दादी की रूप में सुरक्षित शरण स्थली दिखाई दी। वह उनके पीछे जाकर दुबक गया।

कलावती जनक के आगे हाथ जोड़कर खड़ी हो गई। वह जनक को रजत की ओर जाने से रोकने लगी।

"हटजा कलावती। आज इसके पापों का घड़ा भर चुका है। इसने मेरे बेकसूर भाई को हवालात भिजवाया है। मैं इसे नहीं छोड़ूँगा। इसका अपराध क्षमा करने योग्य नहीं है।"

''मारने तो मैं नहीं दूँगी। मुझे मारकर इसे मार देना।''

कलावती को एक तरफ धकेलकर जनक ने दोनाली रजत की छाती पर तान दी। उसकी माँ ने बंदूक टटोलकर उसकी नाल अपनी गर्दन पर रख ली।

''चला गोली बेटा! ये दोनाली भी कई दिन से रक्त की प्यासी है।''

जनक निरूपाय था। उसकी माँ ने कसकर दोनाली पकड़ रखी थी। कलावती ने हाथ जोड़कर जनक को समझाया, ''कोई और उपाय नहीं है जी!''

''है ना।''

''क्या?''

''यह थाने भेजाकर अपना अपराध कबूल कर ले। कालू हवालात से छूट जाय।''

'' अरे मुए अब भी मान जा। तेरे पापा के सिर पर भूत सवार है। जान की खैर चाहता है तो इनके साथ थाने चला जा।'' कलावती ने रजत को समझाया।

कोई और उपाय न देखकर रजत अपने पापा के आगे-आगे हो लिया। दोनों थाने पहुँच गए।

''दरोगा जी सँभालिए अपना असली मुजरिम! कालू को छोड़ दीजिए।'' सरतू भी थाने पहुँच गया था।

" ये तुम ठीक नहीं कर रहे जनक! उस कालू साझी के लिए अपने बेटे को मुसीबत में क्यों डाल रहे हो?"

"खबरदार जो मेरे भाई को साझी कहा तो।"

"कालू दलित है। वह तेरा भाई कैसे हो गया?"

"रिश्तों का मर्म तुम्हारी समझ से बाहर है सरतू। तुम अपने स्वार्थ के लिए गाँव भर के युवकों को नशे के दलदल में धकेल रहे हो। एक कालू है जो रजत को बचाने के लिए खुद हवालात में बैठा है।"

दरोगा ने मुंशी को इशारा किया। वह कालू को ले आया और रजत को हवालात में बंद कर दिया। कालू सिर झुकाए खड़ा था। वह जनक से नज़रे नहीं मिला पा रहा था। कालू के झूठ के कारण जनक गुस्से में था। लेकिन पिघल गया। उसने कालू को गले लगा लिया।

"पगले ये क्या किया रे तूने! सारी उम्र सच्चाई व सादगी का जीवन जिया। अब ये लाँछन क्या सोचकर अपने सिर ले लिया?"

"रजत को छुड़ा लो भैया।"

"कभी नहीं। इसके गुनाह की सजा इसे भुगतने दो। हम क्यों इसके लिए पछतावे के आँसू बहाएँ। जो जैसा करेगा वैसा मरेगा।

दोनों थाने से बाहर आ गए। दरोगा अवाक् देखता रहा।

2. नीचे दिए गए समाचारों के आधार पर रेडियो के लिए तीन मिनट का समाचार बुलेटिन तैयार कीजिए : 20

(a) नई दिल्ली, 27 फरवरी। किसानों के कर्जों को माफ किए जाने की मांग को लेकर संसद के दोनों सदनों में लगातार दूसरे दिन राजग और यू एन पी ए सदस्यों की ओर से किए गए भारी हंगामे के कारण संसद के दोनों सदनों की बैठक बुधवार को एक बार स्थगन के बाद दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई।

लगातार दूसरे दिन इस मुद्दे पर हंगामे के कारण दोनों सदनों में प्रश्नकाल नहीं हो सका। दोनों ही सदनों में हंगामे के बीच आवश्यक दस्तावेज पटल पर रखवाने के पश्चात् एक बार के स्थगन के बाद भोजनावकाश से पहले ही बैठक दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई।

(b) नई दिल्ली, 27 फरवरी (भाषा)। सरकार ने बुधवार को राज्य सभा में कहा कि पिछले दो साल के दौरान जम्मू कश्मीर में आतंकवाद की घटनाओं में कमी हुई है। गृह राज्यमंत्री श्रीप्रकाश जाय सवाल ने प्रभा ठाकुर के सवाल के लिखित जवाब में कहा-2006 में ऐसी 1667 घटनाएँ हुई जबकि 2007 में 1092 घटनाएं हुई। श्री जायसवाल ने कहा कि रिपोर्ट के मुताबिक पिछली तीन

साल के दौरान 14 लाख से ज्यादा पर्यटकों ने राज्य का दौरा किया। राज्य सरकार और सुरक्षा बलों ने पर्यटकों के लिए सुरक्षित वातावरण बनाए रखने के प्रयास में कई कदम उठाए हैं।

(c) नई दिल्ली, 27 फरवरी (भाषा) केन्द्रीय जाँच ब्यूरो सीघ्र ही पूर्व रक्षा मंत्री जॉर्ज फर्नांडिज और नौसेना के पूर्व प्रमुख सुशील कुमार से 1150 करोड़ रुपये के बराक मिसाइल खरीद सौदे में उनकी कथित भूमिका के बारे में पूछताछ करेगा। यह सौदा राजग शासनकाल में 2000 में इजराइल से बराक मिसाइल खरीदने के लिए किया गया था।

(d) वाशिंगटन, 27 फरवरी (भाषा)। अमेरिका ने कहा है कि वह यहाँ अमेरिका के राजदूत रोनेन सेन का कार्यकाल बढ़ाने के भारत के फैसले से काफी खुश है। उसने उम्मीद जताई कि इससे द्विपक्षीय सम्बंधों को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। अमेरिकी उप विदेश मंत्री निकोलस बर्न्स ने यहाँ विदेश संबंधों की परिषद में एक बैठक के बाद बताया-सेन हमारे देश के अच्छे मित्र हैं और हम काफी खुश हैं। उन्होंने महत्वपूर्ण काम किया है। उन्हें अमेरिकी सरकार का पूरा विश्वास प्राप्त है।

(e) चंडीगढ़, 27 फरवरी (भाषा)। इस साल अधिक गेहूँ उत्पादन की रपटों के आधार पर भारतीय खाद्य निगम (एफ सी आई) ने बुधवार को कहा कि उसे 2008-09 में कम से कम 135 लाख टन गेहूँ खरीद की अपेक्षा है जो मौजूदा वित्त वर्ष की तुलना में 23 लाख टन अधिक होगी।

एफ सी आई के अध्यक्ष एवं प्रबंध निर्देशक आलोक सिन्हा ने बुधवार को संवाददाताओं को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, इस साल (2008-09) देश भर में एफ सी आई की ओर से गेहूँ खरीद 135 से 150 लाख टन रहने का अनुमान है। यह पिछले साल की तुलना में काफी अधिक होगा।

(f) दुबई, 27 फरवरी (भाषा)। भारतीय स्टार सानिया मिर्जा आज यहाँ एक सेट की बढ़त के बावजूद दूसरे दौर में चौथी सीड सर्बिया की येलेना यांकोविच से 4-6, 6-3, 6-4 से हारकर एक करोड़ 50 लाख डालर की दुबई टेनिस चैम्पियनशिप से बाहर हो गई। सानिया ने शुरुआती दौर से रूस की क्वालीफायर वेरा दुशेविना को 7-6, 6-2 से शिकस्त दी थी।

3. सहकारी बैंकों से ऋण-उपलब्धता की जानकारी के संदर्भ में किसानों के लिए 25 मिनट के एक रेडियो कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कीजिए। 20

**अथवा**

महानगरों में बढ़ती प्रदूषण की समस्या को ध्यान में रखते हुए 5 मिनट की एक रेडियो वार्ता तैयार कीजिए।

4. जीवन बीमा से सम्बंधित तीन विज्ञापनों तथा आयकर जमा करने सम्बंधी तीन जन-सूचनाओं की स्क्रिप्ट/कॉपी तैयार कीजिए। 20

5. वर्तमान समाज में नारी जागृति की आवश्यकता के संदर्भ में 10 मिनट के रेडियो नाटक का प्रारूप तैयार कीजिए। 20

**अथवा**

रेडियो के लिए 10 मिनट की एक बाल कहानी लिखिए।

---